तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024

12 अंत्योदय का सिद्धांत हमें पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति के कल्याण...



11 अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए पुस्तक का...





**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में पुलिसकर्मी घायल



**बालोद।** सड़क हादसे में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे गुरुर स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चूल्हापथरा निवासी पुलिसकर्मी हेतन्द्र चिराम 35 वर्ष अपनी बाइक से ड्यूटी से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक का टायर फटने से यह हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसान हितेंद्र के सिर में गम्भीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### दो पहिया वाहनों में टक्कर, एक की मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संबलपुर से कोटेरा की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम कोटेरा के पास ही एक स्कूटी व बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई। इससे दोनों सड़क पर गिर गए व चोटिल हो गए। उनमें से बाइक सवार को ज्यादा चोट लगी, जिससे सिर व मुंह से काफी खून बहने लगा। तुरंत ही उसे संजीवनी 108 की मदद से नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रघुलाल ठाकुर अपनी बाइक से अपने ग्राम कोटेरा जा रहा था, वहीं स्कूटी सवार संबलपुर की ओर आ रहा था। तभी दोनों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। गाड़ियों की टक्कर की आवाज सुनकर आगे चल रहे अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

### मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप, कलेक्टर से की गई शिकायत

**लाटाबोड़।** विकासखंड बालोद अंतर्गत ग्राम बोरी (लाटाबोड़) निवासी मनराखन लाल, रामकुमार साहू, योगेंद्र सेन, श्रवण कुमार पारख राम सोहन लाल पोषण लाल गौतम मनीष कुमार मनहरण लाल ने सरपंच पर मनरेगा में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गाँव में मनरेगा कार्यों में सरपंच द्वारा अनियमितता की गई है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत जिन मजदूरों ने कार्य नहीं किया है, उनकी भी फर्जी हाजिरी दिखाकर उनके नाम से राशि का भुगतान किया गया है, जबकि कई मजदूरों को उनके मेहनताने का उचित भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायत कर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

### बिजली की आंखमिचौनी से खराब हो रही लोगों की नींद

**बालोद।** बीती दो रात से शहरवासियों की नींद खराब हो चुकी है। इसका मुख्य कारण शहर में बिजली की आंख मिचौनी है। मिली जानकारी के अनुसार पूरे दिन बिजली की आपूर्ति ठीक ठाक हो रही है, लेकिन रात होते ही कहीं ट्रांसफार्मर खराब, तो कहीं तार टूटने या अन्य कई तरह की तकनीकी खराबी का हवाला देकर रात भर बिजली बंद कर दी जा रही है। ऐसे में लोगों की नींद खराब हो रही है। शहर के नयापारा, बुधवारी बाजार, संजय नगर, टिकरापारा, मारार पारा, पाण्डेपारा, जवाहरपारा सहित अन्य इलाकों में बीते दो दिनों से रात के समय 10 बजे से लेकर रात 3 बजे तो 4 से 5 बार बिजली बंद होने की शिकायत सामने आई, जिससे शहरवासियों की नींद खराब हो गई। जबकि विद्युत विभाग द्वारा लगातार मरम्मत कार्य, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस सहित जिन क्षेत्रों में पेड़ों की डंगाल से विद्युत आपूर्ति में बाधा बनती है, उसे काटने तक का कार्य समय-समय पर किया जाता रहा है, उसके बाद भी बार-बार बिजली बंद होने की समस्या लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा के चिकित्सक ने कलेक्टर को दिया आवेदन**

# अस्पताल में स्टाफ पर हमले बढ़े, सुरक्षा के लिए चिंतित डॉक्टर ने मांगा लाइसेंसी पिस्टल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इन दिनों जहां कलकत्ता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना के बाद से चिकित्सा जगत में रोष व्याप्त है, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्वों की कारगुजारियों ने भी डॉक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ को सुरक्षा को लेकर सोचने पर मजबूर कर दिया है। इसी तरह की समस्या जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा में भी देखने को मिल रही है। यहां असामाजिक तत्वों से परेशान होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा के डॉक्टर लेखराम कोसरे ने कलेक्टर को आवेदन देकर लाइसेंसी पिस्टल दिलाने की मांग की है।

■ हाल ही में हुई घटना को देखते हुए मांगी सुरक्षा

हालांकि डॉक्टर को सुरक्षा के लिहाज से लाइसेंसी पिस्टल गन रखना जरूरी है या नहीं या फिर पिस्टलगन किस वर्ग के लोग रखते हैं और रखने वालों को किन किन नियमों का पालन करना होता है, इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कुछ भी जानकारी नहीं दी जा रही है। हालांकि डॉक्टर द्वारा कलेक्टर को आवेदन पत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन कलेक्टर द्वारा अभी इस विषय पर क्या कार्रवाई की जा रही है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि उक्त घटना के बाद पुलिस ने अस्पताल में सुरक्षा प्रदान कर दी है। ऐसे में ये पिस्टल गन देना उचित नहीं लगता है।




### तीन युवकों ने की थी मारपीट, मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व डॉक्टर लेखराम कोसरे और स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के साथ 3 युवकों ने अस्पताल में मारपीट की थी। इस मामले में गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई के लिए स्वास्थ कर्मियों ने धरना दिया था। वहीं डॉक्टर व स्टॉफ के साथ मारपीट करने वाले तीनों आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कई धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। लेकिन, इस तरह की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर चिंतित डॉक्टर ने लाइसेंसी पिस्टल की मांग की है।

**अपराध : दल्लीराजहरा से भिलाई के बीच कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना**

# मालगाड़ी पर पत्थरबाजी, लोको पायलट घायल अगले स्टेशन पर उतारकर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

दल्लीराजहरा से लौह अयस्क भरकर भिलाई जा रही मालगाड़ी के इंजन पर कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के आगे स्टार्टर और एडवांस स्टार्टर सिग्नल के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खिड़की की ओर से एक पत्थर फेंकने से लोको पायलट थानेश्वर सिंह देशमुख के सिर पर गहरी चोट आई है। चोट लगने से खून बहने लगा जिनका इलाज़ जिला अस्पताल में कराया गया, उनकी स्थिति अभी सामान्य बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई की ओर जा रही मालगाड़ी के इंजन में लोको पायलट थानेश्वर सिंह देशमुख अपने सहकर्मी के साथ थे। इस बीच कुसुमकसा रेलवे स्टेशन से लगभग 100 मीटर आगे स्टार्टर और एडवांस स्टार्टर सिग्नल के बीच दोपहर लगभग 2.22 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने इंजन की खिड़की की ओर से एक पत्थर फेंका। पत्थर लोको पायलट थानेश्वर सिंह के सिर पर लगा, जिससे उन्हें चोट आई है। चोट की वजह से खून भी निकलने लगा। पत्थर से चोटिल होने की सूचना तत्काल उनके द्वारा बालोद और कुसुमकसा रेलवे स्टेशन मास्टर को दी गई। उसके बाद आगे सेक्शन क्लियर कर बालोद रेलवे स्टेशन में मालगाड़ी को खड़ा किया गया। घायल थानेश्वर सिंह देशमुख को रेलवे के अन्य स्टाफ द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि इस घटना से मालगाड़ी को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है। दूसरे लोको पायलट के साथ मालगाड़ी को बालोद रेलवे स्टेशन से भिलाई की ओर रवाना किया गया।







### सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची आरपीएफ, कुसुमकसा व राजहरा थाने के जवान

घटना की जानकारी मिलते ही संजीव कुमार सिन्हा आरपीएफ थाना प्रभारी दुर्ग, के वर्मा सहायक सब इंस्पेक्टर सदल बल कुसुमकसा घटनास्थल पहुंचे। इसके साथ ही राजहरा थाने से पेट्रोलिंग दल भी कुसुमकसा घटनास्थल पहुंच गया। घटनास्थल कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के समीप डेरा वाले लगभग 25-30 महिला पुरूष व बच्चो के साथ रह रहे हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इन्ही में से किसी ने पत्थर मारा होगा।

### एक संदिग्ध से की जा रही पूछताछ

कुसुमकसा रेलवे स्टेशन में घटना की सूचना मिलने पर स्टेशन मास्टर ने विभाग के कर्मचारी हितेश कुमार को घटनास्थल भेजा। हितेश कुमार ने डेरा वालों के एक बालक के हाथ में पत्थर पकड़ा हुआ देखा, जिसे आवाज देने पर वह बालक वहां से भाग गया था। उसके बाद संजीव कुमार सिन्हा थाना प्रभारी दुर्ग ने डेरा वालों से कड़ाई से पूछताछ की। कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के कर्मचारी हितेश कुमार द्वारा पत्थर पकड़ने वाले बालक की शिनाख्त की, जिसके बाद चिन्हित बालक को राजहरा थाना ले जाया गया है। समाचार लिखे जाने तक बालक से आरपीएफ के थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ की जा रही थी।

## सड़क के बीच में डिवाइडर बनाकर उसमें स्ट्रीट लाइट लगाएं : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विधायक संगीता सिन्हा ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 के अंतर्गत बालोद शहर में मेटलक्रश बेरियर के स्थान पर सड़क के मध्य में डिवाईडर निर्माण करने एवं उसमे स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए क्षेत्रीय अधिकारी भारत सरकार परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय पेंशनबाड़ा एनएच कैम्पस रायपुर के नाम पत्र लिखा है।



■ विधायक ने राजमार्ग मंत्रालय को लिखा पत्र

पत्र में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अंतर्गत बालोद शहरी क्षेत्र में तांदुला पुल से शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय तक सड़क के दोनों ओर मेटलक्रश बेरियर लगाया जाना प्रस्तावित है। सड़क के दोनों ओर मेटलक्रश बैरियर लगाए जाने से होने वाले असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बालोद शहरवासी इसका विरोध कर रहे हैं एवं मेटलक्रश बेरियर के स्थान पर सड़क के मध्य में डिवाईडर व स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि मार्ग विभाजक निर्मित नहीं होने से सड़क दुर्घटना में जन धन की हानि हो रही है। इसलिए नगरवासियों की मांग के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं रात्रि में प्रकाश व्यवस्था के लिए मेटलक्रश बेरियर के स्थान पर सड़क के मध्य डिवाईडर एवं स्ट्रीट लाईट लगाई जाए।

## मध्यान्ह भोजन संचालन समूह की हड़ताल जारी, विभाग ने की वैकल्पिक व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाला समूह मानदेय की राशि नहीं मिलने पर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन नहीं बनाने का फैसला लेते हुए सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन की पहल पर बुधवार को बच्चों को मध्यान्ह भोजन मिल गया। हालांकि सोमवार और मंगलवार को हड़ताल का असर भी देखने को मिला, लेकिन बुधवार से जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन फिर से बनना शुरू हो गया। जबकि मध्यान्ह भोजन संचालन समूह के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिल जाती, तब तक स्कूलों में राशन सामग्री नहीं भेजेंगे। हालांकि जिला मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में विभागीय अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाया जा रहा है, क्योंकि रसोईया संघ हड़ताल पर नहीं हैं, ऐसे में वे मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रहे हैं।

## नालियां जाम, सड़कों पर बहकर घरों में घुसा पानी

**अंडा।** पुलगांव थाना अंतर्गत ग्राम पीसेगांव में बुधवार को हुई झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्राम पंचायत पीसेगांव की नालियां जाम होने के कारण निकासी नहीं से कई घरों में पानी घुस गया। पानी बंद होने के बाद लोग अपने घरों से पानी को निकलते नजर आए। वहीं, कई लोगों को पानी निकालने के लिए टुल्लू पंप का सहारा लेना पड़ा। पीसेगांव निवासी खेमलाल देशमुख ने बताया कि रोड के एक ही तरफ नाली बनाई गई है, जिसके कारण गांव के अधिकांश मोहल्लों का पानी इस नाली में आता है। इसके कारण बुधवार को हुई बारिश से उनके घर में एक से डेढ़ फीट पानी भर गया। कई सामान डूब कर खराब हो गए। इससे उन्हें काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। घर के अंदर पानी इतना ज्यादा था कि उसे निकालने के लिए टुल्लू पंप लगाने की जरूरत पड़ गई। गांव के अंदर बनी अधिकांश नाली से निकासी अच्छी तरह नहीं होने के कारण थोड़ी देर के बारिश में ही नालियां लबालब भर जाती हैं। उसके बाद ओवरफ्लो होने से आसपास पानी भर आता है और ऐसी स्थिति में कई घरों में पानी घुस जाता है।



## यूको बैंक का राउटर खराब, नहीं हो पा रहा लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा में संचालित यूको बैंक में राउटर मशीन खराब हो जाने से खाताधारकों को बैंक से राशि निकालने व जमा करने के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं, बैंक प्रबंधन द्वारा यूको बैंक बालोद शाखा से वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर खाताधारकों के लेनदेन की व्यवस्था कर रखी है।

■ कुसुमकसा सहित आसपास के लोगों को हो रही भारी परेशानी

खाताधारकों ने बताया कि सोमवार 23 सितंबर से बैंक की शाखा में राशि निकालने पहुंचे, तो पता चला की मशीन में खराबी आने के कारण लेनदेन बंद है। मंगलवार ब बुधवार को भी बैंक पहुंचे, किंतु लेनदेन नहीं हो पाया, जिसके कारण हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में भी खराब हुई मशीन की जगह नई मशीन आने पर ही लेनदेन चालू होने की बात कह रहे हैं। मशीन खराब होने से एटीएम भी बंद पड़ा है। कुसुमकसा सहित लगभग 25-30 ग्रामों के हजारों ग्रामीण इस बैंक में लेनदेन करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार खराब हुई राउटर मशीन को बदलने के लिए कलकत्ता से नई मशीन आएगी, जिसके शुक्रवार तक पहुंचने की जानकारी दी गई। इससे लगता है कि बैंक के खाताधारकों को लगभग चार दिन बैंक खाता से राशि निकालने रुकना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि मशीन खराबी की सूचना बैंक द्वारा खाताधारकों के मोबाइल में मेसेज करना चाहिए, जिससे जानकारी मिलने पर ग्रामीणों को भटकना ना पड़े। वीके पंडा शाखा प्रबंधक यूको बैंक कुसुमकसा ने बताया कि राउटर मशीन खराब होने के कारण शाखा का सिस्टम बंद हो गया है।

खाताधारकों को लेनदेन में परेशानी न हो इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शाखा के दो स्टाफ को बालोद यूको बैंक शाखा में बैठाया गया है। वहां के सिस्टम से लेनदेन किया जा रहा है। खाताधारकों को लेनदेन में कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है।



**मौसम विभाग ने कहा, 30 सितंबर तक हो सकती है मानसून की विदाई**

# मानसून की विदाई से पहले बरसे बदरा, खंड वर्षा ने बढ़ाई अंचल के किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी पांच दिनों बाद यानिकी 30 सितंबर तक मानसून की विदाई होने की संभावना है। इस बीच मानसून की विदाई से पहले बालोद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई।

मानसून की विदाई से पहले जिले में खण्ड वर्षा होने से लोगों का स्वास्थ्य खराब होने के साथ सबसे ज्यादा समस्या जिले के किसानों को है, क्योंकि बारिश से फसल नुकासन होने की कगार पर है। ऐसे में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। इधर जिले के अलग-अलग इलाकों में रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने पहले से ही मानसून की विदाई से पहले बारिश होने की संभावना जताई थी।मानसून की विदाई होते ही जिले में ठंड की दस्तक होगी और वनांचल तथा ग्रामीण क्षेत्रों से ठंड बढ़ते बढ़ते शहर तक असर देखने को मिलेगा।



### डौंडीलोहारा तहसील में सबसे ज्यादा बारिश

आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार की सुबह से लेकर बुधवार की सुबह तक जिले के डौंडीलोहारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत 16 मिमी वर्षा हुई। वहीं, बालोद तहसील क्षेत्र में 13.9 मिमी वर्षा हुई है। इसके साथ ही मारएँ बंगला देवरी क्षेत्र में 4.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि अन्य गुंडरदेही, गुरुर, डौंडी, तथा अर्जुन्दा क्षेत्र में बूंदाबांदी ही हुई है।

## डेंगू से एक और युवक की मौत

**भिलाई।** दुर्ग जिले के डेंगू पैर पसार रहा है। दुर्ग केलाबाड़ी क्षेत्र के निवासी 33 वर्षीय विवेक देशमुख की मौत डेंगू से हो गई। यह डेंगू की वजह से सातवीं मौत है। देशमुख जयपुर में एक सहायक प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत थे, डेंगू का शिकार हो गए। विवेक की तबीयत खराब होने पर 14 सितंबर को जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी डेंगू जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि, उनकी एलाइजा रिपोर्ट निगेटिव रही। स्वास्थ्य में मामूली सुधार के बाद परिवार ने विवेक को दुर्ग वापस लाया, लेकिन उनकी तबीयत अचानक फिर से बिगड़ गई। उन्हें दुर्ग के सेक्टर-9 अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार 29 तक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कृष्णसखा सोसाइटी में श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन 22 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इसमें आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री बृजबिहारी सरकार द्वारा श्रीमदभागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक रखा गया है। आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि गौतम परिवार द्वारा रोहणीपुरम स्थित कृष्णसखा सोसाइटी में यह आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में समस्त शास्त्रों का सार है और जीवन का व्यवहार भी इसमें छिपा हुआ है। 18 महापुराणों में से एक श्रीमद भागवत महापुराण है।

### तपस्या से तप और बल के साथ होती है भगवान शिव की प्राप्ति : आचार्य पांडेय

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान भक्त कथा सुनकर झूमते नजर आए। कथावाचक आचार्य युवराज पांडेय ने कहा कि दो परिवारों को एक साथ मिलाने, विवाह करके मंगलगान करने वाले ब्राह्मणों को यजमानों को रोकर नहीं, बल्कि खुश होकर दान-दक्षिणा देनी चाहिए। आज वस्तुस्थिति यह है कि बाजा-गाजा, डीजे, डांस और पटाखे पर भले लाखों रुपए खर्च कर देते हैं, लेकिन जब मंगलगान करने वाले ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा का समय आता है तो कई ऐसे लोग भी होते हैं, जो आखिरी में हाथ जोड़ लेते हैं और ब्राह्मणों को तुच्छ समझ लेते हैं। उन्होंने आगे कथा में माता पार्वती जन्म और शिव विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि मां पार्वती भगवान भोलेनाथ को पति के रूप में पाने के लिए एक हजार वर्ष तक फल-मूल खाकर तप करती रहीं। फिर इसके बाद सौ वर्ष तक केवल शाक खाकर तप किया।

### साहू समाज ने विधायक से की मुलाकात



**रायपुर।** ग्राम सिवनी के साहू समाज के सदस्यों ने अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू से विधायक कार्यालय जाकर मुलाकात की। इस मौके पर सदस्यों ने विधायक द्वारा साहू समाज की प्रगति के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की। साथ फूलमाला और शॉल से उनका आभार जताया। मुलाकात करने वालों में समाज के संतोष साहू, सेवाराम साहू, घनश्याम साहू, झड़ीराम साहू, पुरषोत्तम साहू, संतराम साहू आदि शामिल थे।

### अनुकंपा नियुक्ति के लिए एसएसपी से की भेंट



**रायपुर।** दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी माधुरी चंद्रा, अरुंधती शर्मा, प्रमोद चौबे, ज्योति व अन्य सदस्यों ने रायपुर एसएसपी संतोष सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने आवेदन सौंपकर लंबित अनुकंपा नियुक्ति की मांग की ओर ध्यान आकर्षित कराया और योग्यता अनुसार समस्या के निराकरण की बात रखते हुए आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्षा माधुरी मृगे ने कहा कि भाजपा सरकार पर पूर्ण विश्वास है। इसी विश्वास के साथ ही दो दिनों पहले मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और वित्त मंत्री से अनुकंपा संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने निवेदन भी किया।

# नेताजी सुभाष स्टेडियम में अब क्रिकेट का रोमांच, वार्ड पार्षद अपनी टीम के साथ लगाएंगे चौके-छक्के

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम के 70 वार्ड में जनता के बीच जाकर उनकी मूलभूत समस्या से रूबरू होने वाले वार्ड पार्षद अब अपने मोहल्ले के खिलाड़ियों की टीम बनाकर खेल मैदान पर चौके-छक्के लगाने उतरेंगे। नेताजी सुभाष स्टेडियम में क्रिकेट का यह अदभुत रोमांच जल्द देखने को मिलेगा। नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद टीम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम का खेलकूद व युवा कल्याण विभाग करने जा रहा है। इसमें शहर के खेल प्रेमियों को क्रिकेट का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। रायपुर नगर निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से राजधानी के मोतीबाग चौक स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम खेल मैदान पर नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद क्रिकेट मैच 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शहर के 70 वार्ड के पार्षद अपने वार्ड की टीम के साथ खेल मैदान पर रनों की बौछार करने उतरेंगे। महापौर से लेकर सभापति और जोन अध्यक्ष से लेकर एमआईसी मेंबर अपने वार्ड की टीम के साथ विजेता बनने उत्साह के साथ खेल मैदान पर होंगे।

## नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद टीम क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन

- 70 वार्डों से पार्षदों के नेतृत्व में खेल मैदान पर उतरेगी वार्ड की टीम




### विजेता टीम को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

नगर निगम के खेलकूद व युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त होने पर आकर्षक पुरस्कार दिये जाएंगे। इसके साथ बेस्ट खिलाड़ी, बेस्ट रनर, बेस्ट बॉलर के साथ ही बेस्ट टीम के रूप में आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। नवरात्रि के बाद यह प्रतियोगिता शुरू होगी। इसकी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

## जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने जताई नाराजगी

# नवरात्रि के पहले दिन सामान्य सभा, कांग्रेसी पार्षद ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इसी सिलसिले में महापौर एजाज ढेबर ने मंगलवार को कांग्रेस पार्षद दल की बैठक ली। बैठक में शामिल जोन 10 के अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन नगर निगम की सामान्य सभा बैठक बुलाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसका जमकर विरोध करते हुए कहा कि 3 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू हो रही है, इस दिन ज्यादातर पार्षद नवरात्रि के पूजा-पाठ में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक बुलाना समझ से परे है। इस बैठक को पहले या बाद की तारीख में रखा जाना था। उनकी इस बात का समर्थन बैठक में शामिल अन्य पार्षदों ने भी किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर के बाद अब कांग्रेसी पार्षद भी नवरात्रि के पहले दिन नगर निगम की सामान्य सभा बुलाए जाने पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में महापौर एजाज ढेबर के सामने लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद आकाशदीप शर्मा ने इसका खुलकर विरोध किया। बैठक में शामिल अन्य पार्षदों ने भी महापौर से आग्रह किया कि चूंकि नवरात्रि पर्व के पहले दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर कई पार्षद उपवास रखते हैं, इसलिए सभापति से मिलकर सामान्य सभा की तारीख में बदलाव किया जाए। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक को संबांधित करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने सभी भारसाधक सदस्यों से सामान्य सभा में पूरी तैयारी के साथ आने के लिए कहा है। इसके साथ ही सामान्य सभा में अपनी बात रखने के लिए पार्षदों को प्रोत्साहित किया। सामान्य सभा के पूर्व होने वाले 1 घंटे के प्रश्नकाल में इस बार महापौर एजाज ढेबर और उनके परिषद के सदस्यों को अपने ही पार्टी के पार्षदों के प्रश्न का जवाब देना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक 3 से 4 कांग्रेसी पार्षद जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सदन में सवाल उठा सकते हैं।

- प्रश्नकाल में कांग्रेसी पार्षद भी लगा रहे प्रश्न



### जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने लगाये प्रश्न

*प्रश्न 1- पिछली सामान्य सभा 22 फरवरी 2024 में विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव एमआईसी और सामान्य सभा में पारित किया गया था, उनमें से कितने कार्यों को स्वीकृति शासन द्वारा मिली है और कितने कार्यों को स्वीकृति नहीं मिली ?*

*प्रश्न 2 - विधानसभा चुनाव 2023 के बाद किन-किन वार्डों में कितने विकास कार्यों की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है एवं अब तक कितने कार्य प्रारंभ हो चुके हैं।*

### अमितेश भारद्वाज, पार्षद कालीमाता वार्ड

*प्रश्न 1 प्रदेश में 1 जुलाई 2022 से पॉलिथीन पर प्रतिबंध है। नगर निगम द्वारा पॉलीथीन बनाने वाले कितने छोटे व बड़े उद्योगों पर कार्यवाही की गई है, उनका नाम बताएं और जुर्माना की राशि के बारे में जानकारी दें ?*

*प्रश्न 2 रायपुर नगर निगम के अंतर्गत निराश्रित पेंशन के हितग्राहियों को पिछले कई माह से उनके खाते में राशि नहीं आई। ऐसे में बहुत से हितग्राही ऐसे हैं जो बैंक और निगम के चक्कर काट रहे हैं, इनके लिए निगम द्वारा क्या व्यवस्था की गई है?*

# अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर हुईं विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा



निको माईनिंग कम्पनी गिधाली ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर प्राप्त थीम मांन्ट्रियल प्रोटोकॉल-जलवायु परिवर्तन को रोकने की कार्यवाही को आगे बढ़ाये पर संयंत्र के समीपस्थ ग्राम सहगांव एवं भैंसबोड़ के शासकीय हाई स्कूल में निबंध लेखन, चित्रकला, श्लोक एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान के महाप्रबंधक ललित दरवलकर के कुशल नेतृत्व में किया गया। सहगांव में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूर्वी, द्वितीय स्थान तृप्ति एवं तृतीय स्थान सतीश कुमार को प्राप्त हुआ।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जरीना बानो, द्वितीय स्थान तनीषा एवं तृतीय स्थान लालिमा को प्राप्त हुआ। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल भैंसबोड़ में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भेनु, द्वितीय स्थान यामिनी, तृतीय स्थान वर्षा को प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केकती, द्वितीय स्थान शिवम देवांगन, तृतीय स्थान दाऊ लाल मेश्राम को प्राप्त हुआ। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा, द्वितीय स्थान उमा, तृतीय स्थान मिथलेश को प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉ. सी.वी. रमन ग्रुप, द्वितीय स्थान डॉ अब्दुल कलाम ग्रुप, तृतीय स्थान श्रीनिवास रामानुजन ग्रुप को प्राप्त हुआ। क्रमशः सभी विद्यालयों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्बधित विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक सहित शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक आर.पी. देवांगन, डिस्पैच प्रबंधक शंकर लाल साहू, सहायक प्रबंधक संजय कुमार एवं सी.एस.आर. अधिकारी कुशल ठाकुर ने किया ।

## सांसद भोजराज ने किया सफाई कर्मियों का सम्मान

**डौंडीलोहारा।** कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर के नया बस स्टैंड पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को श्रीफल व शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, मंडल महामंत्री संदीप लोढ़ा, कोषाध्यक्ष गैंदमल भंसाली, उपाध्यक्ष लता गुप्ता, धीरेन्द्र टांक, महावीर तातेड़, धर्मेन्द्र निषाद, भाजयुमो जिला मंत्री पलाश गुप्ता , रेमन अटल,तुकाराम



साहू,भाजयुमो अध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, हिरेन्द्र गायकवाड़, पूर्व पार्षद जिवराखन कौमार्य, मिलन भूआर्य, शिव कुमार भूआर्य, हरेश्वर सिन्हा,सहित अनेक कार्यकर्ता व सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## रानीतराई प्राथमिक शाला को मॉडल बनाने विजय ने किया 25 हजार रुपए का सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौण्डीलोहारा

विकासखंड के प्राथमिक शाला रानीतराई किसना में लगातार समाज के लोगों का रुझान बढ़ रहा है। राजनांदगांव निवासी विजय लांजेवार ने शाला को विभिन्न सामग्री खरीदी के लिए 25 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।

शाला के प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने बताया कि श्री लांजेवार को जब शाला में सामाजिक सहभागिता के बारे में बताया गया, तो उन्होंने भी सहयोग की बात कही। इसके तहत उन्होंने 25000 की राशि शाला को प्रदान की। उक्त राशि से स्टील रैम्प, म्यूजिक सिस्टम, बागवानी कार्य कराया गया है। इसके साथ ही आगे भी उन्होंने सहयोग की बात कही है। शाला में ऐसे सहयोग मिले तो निश्चित ही शाला का परिवेश एवं शाला के प्रति बच्चों और पालकों का रुझान बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से पालकों एवं ग्रामीणों द्वारा एक लाख दस हजार राशि के सहयोग से पेवर ब्लॉक, रंग-रोगन, सामग्री खरीद, क्यारी निर्माण जैसे कार्य कराए गए हैं। जनसहभागिता से शिक्षकों की माडल स्कूल की परिकल्पना ने साकार रूप लेना शुरू कर दिया है। विजय लांजेवार के इस पुनीत कार्य के लिए शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने प्रसन्नता जताते हुए आभार व्यक्त किया है।

## कुथरेल में राष्ट्रीय पोषण माह पर हुए विविध कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

ग्राम कुथरेल में राष्ट्रीय पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच जयश्री प्रेरणा चंद्राकर, पंच गण, मेडिकल अधिकारी, ए एन एम,समस्त मितानिन,मिडिल और प्राइमरी शाला के प्राचार्य एवं शिक्षक, समस्त छात्रा, ग्रामवासी, केंद्र के हितग्राही उपस्थित रहे। शाला के किशोरी बालिकाओं और शिक्षकों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पोषण संदेश के साथ रैली निकाली गई। पर्यवेक्षक देवकी साहू ने स्थानीय अनाज, भाजी और फल के द्वारा भोजन को और कैसे पौष्टिक बनाया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी। व्यंजन प्रतियोगिता में केंद्र के हितग्राही माताओं द्वारा बनाए गए व्यंजन की प्रतियोगिता भी रखी गई थी, हितग्राहियों ने भाग लिया और पुरस्कार जीता । स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता ,गोद भराई और अन्न प्रशन भी की गई।



प्राचार्य ने बच्चों को स्वच्छता, हाथ धोने पौष्टिक भोजन लेने की तथा मेडिकल अधिकारी द्वारा कृमि नाशक गोली, आयरन टैबलेट नियमित लेने, फास्ट फूड से दूर रहने एवं घर का पौष्टिक खाना खाने की सलाह किशोरी बालिका को दी। इस अवसर पर कार्यकर्ता शैलेंद्री, निरंजना,गीता तथा चितरेखा, सहायिका सीता ने रेडी टू ईट के पौष्टिक व्यंजन बनाने की विधि बताई गई। सरपंच ने छत्तीसगढ़ी भाजी की उपयोगिता बताई।

## बेलोदी कालेज में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल. ठाकुर ने की। डॉ. बिसनाथ साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. दिल्लीवार ने युग पुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप देवांगन ने भी स्थापना दिवस पर अपनी बात कही। कार्यक्रम को स्वयं सेवकों ने भी सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय, अतिथि व्याख्याता डॉ. मार्कण्डेय के अतिरिक्त स्टाफ के समस्त अधिकारी एवं स्वयं सेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक रोहन साहू तथा टिंकल गजेंद्र ने आभार व्यक्त किया।

### शिकसा ने मनाया स्थापना दिवस



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने 6 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। डॉ. देवांगन ने बताया कि आज हमारी संस्था 05 वर्ष पूरा कर 06 वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इन 05 वर्षों में 400 से अधिक आनलाइन कार्यक्रम व 50 से अधिक आफलाइन कार्यक्रम करके इतिहास रच चुके हैं। कार्यक्रम को प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, जिलाध्यक्ष दुर्ग होरीलाल चतुर्वेदी तथा टीकाराम सारथी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उषा भट्ट व आभार प्रर्दशन डॉ. शिवनारायण देवांगन ने किया।

*नई कार्यकारिणी का गठन, इस वर्ष 2 लाख सदस्यता का लक्ष्य*

# कॉलेज में घट रहे विद्यार्थी, एबीवीपी चलाएगी परिसर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में परिसर चलो अभियान चलाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक अभनपुर में हुई। इस बैठक में प्रदेशभर के कार्यकारिणी के 150 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश की वर्तमान शिक्षा की स्थिति का आकलन करते हुए अभाविप ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता के विषय पर प्रस्ताव भी पारित किया है। इस बैठक में ही अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। साथ ही इस वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 2 लाख से अधिक सदस्यता करने के



लिए योजना भी बनाई है। इसके अलावा प्रदेशभर की खेल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरे प्रदेश के विद्यालय व महाविद्यालय परिसरों में खेल कुंभ नाम से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परंपरागत खेल के अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं शामिल रहेंगी। सेवा सप्ताह, विकास चेतना सप्ताह जैसे अभियान के माध्यम से छात्रों के मध्य सेवा और पर्यावरण विकास के संबंधित विषयों को लेकर भी आयोजन किए जाएंगे।

### प्रथम महानगर मंत्री

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायपुर महानगर की नई कार्यकारणी भी गठित की गई है। प्रो.अनुज शुक्ला को सर्वसम्मति से सत्र 2024-25 के लिए रायपुर महानगर का अध्यक्ष और प्रथम राव फुटाने को महानगर मंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया है। कार्यकाल एक वर्ष का होगा। हर्षित कौर, रामजी शिवहरे, अन्वित दीक्षित और सुजल गुप्ता को सहमंत्री बनाया गया है।

### राजनांदगांव में होगा प्रदेश अधिवेशन

*इस वर्ष का प्रदेश अधिवेशन 27 से 29 दिसंबर तक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। सामाजिक समरसता दिवस, जनजाति गौरव दिवस, स्त्री शक्ति दिवस, गुरु घासीदास जयंती, शहीद वीर नारायण जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा भी बैठक में बनाई गई है। अभाविप के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा, प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में बनाई गई योजना से संगठन विकास व संगठन कार्य में व्यापक बढ़ोत्तरी भविष्य में देखने को मिलेगी। छात्र प्रोत्साहन यात्रा का आयोजन भी एबीवीपी द्वारा किया जाएगा।*

# हुरियत के एजेंट को शंकराचार्य बनाकर घुमा रहे मोदी और योगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गोवर्धनमठ और पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने मंगलवार को चौंकाने वाला वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी तथा मोहन भागवत मुझे दबाने देश विदेश में हुरियत के नेता को शंकराचार्य बनाकर घुमा रहे हैं। इन्हें ये नहीं पता कि पुरी का शंकरचार्य कौन है, इनको कौन दंड दे? इनके दंडित होने का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। देश का संविधान ऐसा हो कि वह यमराज और ईश्वर को भी मान्य हो। रावांभाठा स्थित सुदर्शनम संस्थान में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने ये बातें कही। जगदगुरु शंकराचार्य ने ये भी कहा कि हमें भी भारत में न्याय प्राप्त नहीं



हो रहा है, तो किसे न्याय प्राप्त होगा? इन्हें ऐसा शंकराचार्य चाहिए जो यस मैन हो, यह संभव नहीं है।

देश में गोहत्या बंद के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री जब डॉ. मनमोहन सिंह थे, उस समय मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। तब उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह को गोहत्या बंद करने कहा। आज नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री जैसे प्रतिष्ठित पद पर हैं, तो देश में गोहत्या बंद क्यों नहीं कराते? प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि नरेंद्र मोदी 11 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और गोहत्या के कलंक को पाले हुए हैं, जबकि वे गोहत्या बंद करने के पूर्ण पक्षधर थे।

### गोसंरक्षण के लिए एक जिला में 25 एकड़ गोचर भूमि हो

देशभर में गोमाता के संरक्षण को जरूरी बताते हुए स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि कृत्रिम दूध के कारण आज गाय की उपयोगिता नहीं रह गई। स्वस्थ क्रांति के लिए यह जरूरी है कि एक जिले में पांच विभाग हो। प्रत्येक जिला में गायों के संरक्षण के लिए 25 एकड़ भूमि गोचर के रूप में सुरक्षित रखी जाए। तभी देशभर में गोहत्या रुक सकती है। आज गोमाता को चारा नहीं मिल रहा, इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी।

## खबर संक्षेप



### शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य अखंड ज्योति कलश

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में वेदमूर्ति पं. श्रीराम शर्मा द्वारा वर्ष 1926 से प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति तथा माता भगवती देवी शर्मा के 100 वर्ष 2026 को पूरे होने जा रहा हैं। इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी व्यापक प्रचार-प्रसार एवं युग निर्माण योजना की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य कलश यात्रा के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से दिव्य ज्योति कलश को प्रज्ञाजनों द्वारा रायपुर में मंगलवार को लाया गया। रेलमार्ग में प्रज्ञाजनों द्वारा विभिन्न स्टेशनों में स्वागत किया गया। बिलासपुर प्रज्ञापीठ बुधवारी बाजार में तथा शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में भव्य पूजा-पाठ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदाशिव हथमल व्यवस्थापक ट्रस्टी विशेष रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ प्रांत की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद के नेतृत्व में एमएस ठाकुर, रामसिंह ध्रुव, पवन साहू, यशवंत वर्मा, जितेंद्र धुरंधर, तिलेश्वरी धुरंधर, प्रेमलता चंद्राकर एवं डॉ. कृष्ण कुमार साहू हरिद्वार गए थे।

### शहर में बढ़ रहे अपराध के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शहर में बढ़ रहे अपराध और सूखा नशे के विरोध में मंगलवार को छत्तीसगढ़ शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारियों ने कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर शिवसेना नेता आशीष परिडा ने बताया कि बीते दिनों सूखे नशे के कारण शहर में 2 हत्याएं हो गईं और जगह-जगह लूटपाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है, जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में सूखे नशे का व्यापार कोतवाली थाना के अंतर्गत कालीबाड़ी में खूब फल-फूल रहा है। जिसे बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के पदाधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में थाने के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, नरेंद्र प्रजापति, गोविंदा साहू, देवराज साहू, आकाश सोनी, तरुण डाडेकर, भूपेंद्र साहू, किशन साहू एवं बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल थे।

### शैलेंद्र बने प्रदेशाध्यक्ष

**रायपुर।** विश्व हिंदू रक्षा संगठन के संरक्षक सुमित्रानंदन स्वामी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शैलेंद्र शुक्ला को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी नई दिल्ली के परामर्श के अनुसार छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है। यह जानकारी विश्व हिंदू संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार किशोर कुमार ने देते हुए बताया कि शैलेंद्र शुक्ला छत्तीसगढ़ के एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

## निधन

### रामदयाल साहू



**बालोद।** गंजपारा निवासी शिक्षक रामदयाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तांदुला मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या शिक्षक और उनके विद्यार्थी शामिल हुए। वे तरुण और गोल्डी के पिता थे।

### परदेसी राम ठाकुर

**लाटाबोड़।** ग्राम सिराभाटा निवासी परदेसी राम ठाकुर (70 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन पर ग्राम के पंच बलराम सिन्हा, खिलावन सिन्हा, अमृतानंद सिन्हा, बसंत ठाकुर, नरोत्तम अंगारे, नोहर ठाकुर सहित गांव के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, समाज सेवक राजेश कुमार सिन्हा ने उनकी धर्मपत्नी को 3000 की सहयोग राशि प्रदान की

## समस्या : नेवारीकला के ग्रामीणों की समस्या का आज तक नहीं हुआ अंत

# 40 साल में किसी सरकार ने नहीं बनाया पुल जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



तांदुला नदी के तट पर बसे ग्राम नेवारीकला में सालों से तांदुला नदी में पुल बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है, लेकिन कई सरकार बदलती रही पर ग्रामीणों का सपना अधूरा ही रह जाता है। हर सरकार में उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। इससे ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटता जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों की समस्या कम नहीं हो रही है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि किस प्रकार एक टीवी को बनाने के लिए एक ग्रामीण सायकल में बंधी टीवी को कंधे पर उठाकर जिला मुख्यालय लाने के लिए नदी पार कर रहा है।

ग्राम नेवारीकला से जिला मुख्यालय जाने के दो मार्ग हैं। उनमें से एक मार्ग कच्ची पगडंडी रास्तों के माध्यम से नदी पार कर गांव पहुंचाती है, जिससे ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने के लिए 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं, एक अन्य मार्ग नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम टेकापार से 3 किलोमीटर अंदर है, और बरसात के दिनों में नदी में पानी आ जाने पर दो पहिया के साथ अन्य वाहन इसी मुख्य सड़क से जिला मुख्यालय जाते हैं, जिससे दोगुनी दूरी तय कर 14 किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। वर्तमान में ये दोनों ही मार्ग की स्थिति दयनीय हो गई है।

ग्रामीणों द्वारा करीब 40 साल से शासन, प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की जा रही है, लेकिन इतनी बड़ी जनसंख्या वाले ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों की तांदुला नदी में पुल बनाने की एक मांग कोई भी सरकार पूरी नहीं कर पाई है। ग्राम में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार, सब्जी व्यापारी, दुग्ध व्यापारी, रोजी मजदूरी के साथ छात्र छात्राएं रोजाना जिला मुख्यालय पर निर्भर हैं। वहां सभी प्रतिदिन जिला मुख्यालय आकर अपना सामान बेचने के साथ रोजी मजदूरी से लेकर अच्छी शिक्षा के लिए जिला मुख्यालय आते हैं।



### जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं लोग

जहां बरसात के दिनों में दो पहिया वाहन के साथ अन्य वाहन चालक 14 किलोमीटर का सफर तय करते हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि यह पक्की सड़क भी उखड़ने लगी है। उसमें जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। वहीं, पगडंडी वाले मार्ग पर पड़ने वाली नदी में बरसात के दिनों में पानी आ जाने पर किस प्रकार से कंधे पर सायकल तथा उसमे बंधे सामानों को उठाकर ग्रामीण नदी पार करते हैं। दिन में तो जैसे तैसे ग्रामीण यह काम कर लेते हैं, लेकिन रात में भी ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं।

### जरा सी लापरवाही पड़ जाती है भारी

नदी पार करने के बाद पगडंडी वाला ग्राम तक का मार्ग बारिश में कीचड़युक्त हो गया है और कई जगह गड्ढे हो गए हैं, जहां रात में बरसते पानी में ग्रामीण इन छोटे-छोटे रास्तों से होकर गुजरते है। इससे थोड़ी सी भी गलती उनके जान के लिए खतरा बन सकती है। लेकिन, समय की बचत और जल्दी घर पहुंचने की ललक में ग्रामीण अपने जान को जोखिम में डालकर ऐसी गड्ढे वाली सड़कों से होकर दिन के साथ अंधेरे में भी सफर करते हैं।

# राज्यस्तरीय सावित्री बाई फुले शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक योगेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य स्तरीय सावित्री बाई फुले शिक्षक रत्न से ग्राम नेवारीकला निवासी योगेश्वर कुमार साहू सम्मानित किया गया। श्री साहू गरीब, कमजोर और विशेष अवाश्यकता वाले बच्चों के साथ निःस्वार्थ भाव से काम करते हुए उनका शैक्षणिक स्तर पर ऊंचा उठाने का भरसक प्रयास करते हैं।

निर्धन छात्र छात्राओं को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जैसे नवोदय, एकलव्य, जवाहर उत्कर्ष, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कबाड़ से जुगाड़, स्कूल में संसाधन जुटाना, नियमित उपस्थिति, नामांकन दर में सुधार, समय समय पर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ और समय समय पर स्कूलों में बच्चों के लिए मोटिवेशन क्लास भी संचालित करते हैं। छत्तीसगढ़ कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच द्वारा दुर्ग में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान का आयोजन कर प्रदेश के 215 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय कुमार मैथिल, प्रदेश अध्यक्ष मीना भारद्वाज, संरक्षक परस राम साहू, संस्था के सदस्य योगेश्वर कुमार साहू, दिनेश कुरैटी, वीरेंद्र साहू, के अलावा 50 पदाधिकारी, 45 सदस्य तथा इस संस्था से 400 से अधिक शिक्षक शिक्षकाएं जुड़े हैं।



# एकलव्य महाविद्यालय में एनएसएस दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम





**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई के साथ ही शासकीय अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व स्वयंसेवकों व भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य राजूलाल कोसरे थे, अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पुरूषोत्तम भुआर्य ने की। विशेष अतिथि प्रो प्रदीप कुमार खरे, ईश्वर खरे, मयंक मंडावी रहे। कार्यक्रम में सभी व्याख्याताओं के साथ-साथ वरिष्ठ स्वयंसेवक देव कुमार साहू ,धनेश्वर साहू ,मनीषा राणा, दीपेश साहू ,मनोज कुमार, हितेश मानिकपुरी, भरत यादव, विकास साहू उपस्थित रहे।

# विभाग स्तरीय एथलेटिक्स में युवरानी ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ खंडवा में आयोजित क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स में होगी शामिल

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर सहित राष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स बौद्धिक प्रतियोगिता विद्याभारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के लिए प्रारंभ हो चुकी है।

जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की छात्रा युवरानी सुपुत्री बेनीराम यादव ने विभाग स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा डोंगरगढ़ में गोल्डमेडल जीत कर कोनी बिलासपुर में सिल्वर मेडल हासिल कर क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स दौड़ में खंडवा मध्यप्रदेश के लिए चयनित हुई। छात्रा युवरानी 26 सितंबर को खंडवा में दौड़ लगाकर प्रतिभा का प्रदर्शन करने खंडवा पहुंच चुकी हैं।



खेल प्रवास प्रभारी हीना साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों से आए प्रतिभागी एक दूसरे को टक्कर देकर अपनी प्रतिभा निखार पाते हैं। युवरानी दौड़ में अच्छा फोकस करती है, जिसका परिणाम प्रांत में सिल्वर मेडल मिला और क्षेत्र स्तरीय खेल खंडवा के लिए चयनित की गई। वहीं, प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि गत 33 वर्षों से बच्चे कामयाबी हासिल कर रहे हैं।



### संस्कृति महोत्सव के लिए बच्चे चयनित

विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर के बच्चे बाल वर्ग किशोर वर्ग और तरुण वर्ग स्तर पर भाग लेंगे। 1 अक्टूबर 2024 से खैरागढ़ में आयोजित सांस्कृतिक ज्ञान प्रतिस्पर्धा में 30 विद्यार्थी भाग लेंगे। दीदी दिव्या चंद्राकर रोशनी साहू ने बताया विधा के लिए बच्चे चयनित किए जा चुके हैं।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में केमिकल एसोसिएशन का गठन



**अंडा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए केमिकल एसोसिएशन का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ मीना चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र ने बताया कि केमिकल एसोसिएशन के गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र के क्षेत्र में होने वाले नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं गतिविधियों के बारे में जागरूक बनाना और उनमें अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने केमिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। विद्यार्थियों को इस प्लेटफार्म के माध्यम से अपने संप्रेषण कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का आह्वान किया। इस सत्र में एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में राहुल चंद्राकर एमएससी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष नेहा एमएससी तृतीय सेमेस्टर, सचिव सूर्यप्रकाश एमएससी प्रथम सेमेस्टर, सह सचिव वेणु पटेल एमएससी प्रथम सेमेस्टर तथा सदस्यों के रूप में तारिणी, अनुष्का, चंद्रपाल वर्मा एवं गंगा ने अपने पद की शपथ ली। आभार प्रदर्शन डॉ मनीषा ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ अन्नपूर्णा महतो, डॉ आशा दीवान, डॉ अमरनाथ शर्मा, सुरेंद्र मेहर, डॉ संगीता देवी शर्मा, डॉ. समीर जायसवाल, कविता ठाकुर, भागवत कुर्रे, सुनील, आशुतोष, डॉ नुसरत, डॉ भारती, अनुराग पटेल, डॉ. कृष्णा पटेल एवं एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मासूम से दुष्कर्म, परिजनों से मिलीं जनपद सदस्य संध्या, बंधाया ढांढस

**गुरूर।** जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू गुरुर ब्लाक के एक ग्राम में स्थित पोल्ट्री फार्म में कार्यरत ओडिशा के मजदूर परिवार की साढ़े छः साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंचीं। उन्होंने छोटी बच्ची के साथ माता–पिता से घटना के बारे में जानकारी ली।

■ कहा– अपराधी जो भी हो, बख्शा नहीं जाएगा

भाजपा नेत्री ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है, बच्ची की रोती बिलखती माता ने संध्या साहू को घटित घटना की जानकारी दी। वहीं संध्या साहू ने कहा कि हमारी विष्णुदेव साय की सरकार अपराधियों को बख्शेगी नहीं। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने फॉर्म में कार्यरत मजदूरों को आगे संभल कर रहने की सलाह दी। पता चला है कि फार्म हाउस में नाबालिगों को कार्य पर रखा गया है। श्रम विभाग के कर्मचारियों के अनुसार बहुत से मजदूरों का आधार कार्ड भी प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर शासन प्रशासन से फॉर्म संचालक और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले को लेकर संध्या अजेंद्र साहू ने एसडीओपी बागडे और गुरूर थाना टीआई पट्टावी के साथ चर्चा की।

# बगईकोन्हा स्कूल में दो बच्चों का मना जन्मदिन, हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में बुधवार को दो बच्चों का जन्म दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। प्रतिभा कुंजाम कक्षा दूसरी की छात्रा व कक्षा तीसरी की छात्रा कनक जगनायक का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक चुन्नू राम गोटा द्वारा शाला में बच्चों का जन्मदिन मनाने की बात पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मनोज कुमार कुंजाम व महेश कुमार जगनायक द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज के रूप में बच्चों को खीर पूड़ी, भजिया, चना छोले, फूलगोभी की सब्जी खिलाई गई। शाला के प्रधान पाठक महेश कुमार जननायक ने बच्चों को न्योता भोज कराये जाने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल कोमरे, उपाध्यक्ष शकुन दुग्गा, सखाराम दुग्गा ,पद्मा तोपा, भारत लाल नेताम, मन्नूलाल चक्रधारी, कुंवर सिंह चनाप व शाला समिति के सभी सदस्य व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए पुस्तक का किया गया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए पुस्तक विमोचन विष्णु आर्य क्षेत्रीय संयोजक भोपाल मध्य प्रदेश एवं सियाराम सार्वा पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़, विशेष अतिथि दीपक यादव विभाग समन्वयक राजनांदगांव थे।

डोमार सिंह साहू प्राचार्य द्वारा समस्त मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया गया। अशोक सिन्हा वरिष्ठ आचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विष्णु आर्य ने कहा कि संस्कृति बोध परियोजना के तहत पूरे देश में अनेक गतिविधियां संचालित है ,जिसने संस्कृति ज्ञान परीक्षा ,संस्कृत प्रवाह, निबंध प्रतियोगिता, संस्कृति महोत्सव, संस्कृति कार्यशाला, विचार गोष्ठी, संस्कृति संग्रहालय, शोध केंद्र, संगीत प्रशिक्षण आदि गतिविधियां सरस्वती शिशु मंदिर के साथ संस्कार केंद्र एकल विद्यालय समाज जागरण के माध्यम से संचालित होता है। इस परीक्षा के माध्यम से हमारी पुण्य भूमि भारत के प्रति भक्ति भाव जागेगा। भारतीय विज्ञान की उज्जवल परंपरा जानकर अभिभूत होंगे, भारत ने ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में विश्व को क्या दिया यह सब हमें जागृत होगा ,यह परीक्षा का प्रश्न पत्र अलग-अलग भारतीय भाषाओं में प्रकाशित है पिछले वर्ष 20 लाख विद्यार्थी और 12 लाख पूर्व छात्र पूर्व आचार्य और अभिभावक सम्मिलित थे ,इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेनीराम देवांगन, डीआर केकती, राकेश मानकर, मोहेंद्र ठाकुर, छगन लाल ठाकुर, संजय नायक, चंद्र जय पाल पटेल, छत्रपाल केराम, श्रवण कुमार विश्वकर्मा, लवण कुमार साहू (पूर्व आचार्य) ,रोमन सिंह, महेश कोलियारे, विनय कुमार खत्री एवं प्रणव साहू (पूर्व छात्र) व अन्य शिक्षक एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशनर समाज का धरना-प्रदर्शन कल

**गुरूर।** पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर द्वारा 4 प्रतिशत लंबित डीए एवं अन्य मांग के लिए शासन का ध्यान आकर्षित हेतु 27 सितंबर को एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि समस्त पेंशनर 27 सितंबर को 11:30 बजे तहसील पेंशनर समाज भवन गुरुर में उपस्थित होकर धरना–प्रदर्शन में सम्मिलित होंगे।

### लूटपाट तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** राहगीरों से लूटपाट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (6)126 (2), 296 3 (5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार गेट निवासी शेख शब्बीर उर्फ कल्लू , रोहित उर्फ एलियन, एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार मंगल सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना की शिकायत पुलिस से जोन 1 खुर्सीपार निवासी संतोष कुमार सोनी ने किया था। पीडित मंदिर हसौद रायपुर से अपनी एक्टिवा सीजी 07 बीपी 0418 से अपने घर खुर्सीपार घर जा रहा था। इस दौरान तीन युवक सामने से पहुचे और दबंगई दिखाते हुए मोबाइल, जेब से 8 हजार, सोने चा चैन आदि लूट कर फरार हो गए। शिकायत पुलिस से होने पर आरोपी की तलाश में एसीसीयू व खुर्सीपार पुलिस की टीम जुटी हुई थी। कार्रवाई में एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम व खुर्सीपार पुलिस की टीम का योगदान रहा है।

### फेसबुक दोस्ती कर किसान से 12 लाख की ठगी

**भिलाई।** फेसबुक से दोस्ती कर क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420,409,120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि किसान कामेश बंजारे ने शिकायत किया है कि फेसबुक से दोस्ती कर अपने कंपनी का ऑनलाइन जानकारी ग्राम गिनगौलिया तहसील मकराना जिला नागौर राजस्थान निवासी बजरंग सिंह राठौर ने दी स्वयं को आरोपी टीएमटी टीएमसी क्रिप्टो करेन्सी के सीईओ बताया था। पीड़ित को कंपनी में नगदी रकम निवेश कर डबल कमाने का सपना दिखाया था। इस दौरान पीड़ित के फेसबुक पर बजरंग सिंह राठौर ने एक लिंक भेजा। जिसमें से एक ग्रुप बनाया गया। इस बीच आरोपी बजरंग सिंह सदस्यों से मिलने 10 अक्टूबर 2021 को पाटन आया था। दोस्त कौशल रात्रे, राज गायकवाड, लोकनाथ सोनवानी, भीषम टंडन, देवशरण कौसले, अमित बारले समेत अन्य 8-10 लोगों को प्लान भी बताया था। बजरंग ने वायलेट में 25 डालर जमा करोगें तो 300 दिन के अंदर 25 डालर डबल होकर 50 डालर मिलने की जानकारी दी। लालच में आकर बजरंग सिंह के फोन पे, गुगल पे, एकाउन्ट नंबर में करीब 10-12 लाख रूपये ट्रांसफर किया गया। जमा करने के एवज में आधा रकम किसान को वापस मिला था। प्लान के तहत धमतरी, रायपुर, कांकेर, बालोद, कबीरधाम, बिलासपुर, राजनांदगांव, अम्बाग चौकी, बेमेतरा से कई लोग जुडे हुये थे। कंपनी के प्लान में नगद राशि निवेश किये है। 10 माह से टीएमटी टीएमसी क्रिप्टो करेंसी का प्लान, वेबसाईड अभी बंद है।

**आयोजन :** भाजपा के पितृपुरूष पं. दीनदयाल की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित

# अंत्योदय का सिद्धांत हमें पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रेरित करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम बोरई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर भी शामिल हुए। उन्होंने पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत हमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। आगे श्री चंद्राकर ने बताया कि अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। उनका कहना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है।

उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों और विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली। इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, ओमेश्वर राजू यादव, सुतीक्ष्ण यादव, छत्रपाल साहू, प्रीत लाल ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि शिवकुमारी वैष्णव, संतोष साहू, गजल यादव, थावेंद्र यादव, प्रीत लाल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम बोरई में मनाई गई जयंती, पं दीनदयाल के सिद्धांतों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



### शक्ति केंद्र अचौद में मनाई गई पं दीनदयाल की जयंती



**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा गुण्डरदेही मण्डल के शक्ति केंद्र अचौद बूथ क्रमांक 248 में भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुरुष श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा सदस्यों द्वारा चौराहों की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं सदस्यता अभियान के तहत भी 100 भाजपा सदस्य बनाने के लिए संकल्प लिया गया। इस दौरान भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक अचौद मोपेन्द्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष दुलार सिंह ठाकुर, खिलेश्वर प्रसाद, लावेश कुमार, टेमन साहू, रंजन साहू, दानी यादव, शिव भगत ठाकुर, कलिसा ठाकुर, जयत्री यादव, सीमा ठाकुर, बूथकुंवर निर्मल, विमला सेन उपस्थित थे।

## भाजपा ने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाने का चलाया अभियान



■ बालोद शहर के सदस्यता प्रभारी राकेश ने जुर्री पारा में शुरू किया अभियान

**बालोद।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बालोद शहर में वृहद अभियान चलाया गया। पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में जिले के हर बूथ पर सदस्यता महाअभियान चलाया गया। इसके तहत हर बूथ पर कार्यकर्ताओं के द्वारा जन जन से संपर्क कर 100 सदस्य बनाए जा रहे हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए बालोद शहर के सदस्यता प्रभारी राकेश यादव के द्वारा वार्ड 15 जुर्री पारा में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में कम से कम 100 सदस्य जोड़ने के अभियान का आगाज किया।

प्रदेश भाजपा के कार्य समिति सदस्य व बालोद शहर के सदस्यता प्रभारी राकेश यादव ने कहा कि सशक्त भाजपा समर्थ भारत, इस ब्रह्म वाक्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में अपने सदस्यों का सदस्यता रद्द कर फिर से सदस्यता बनाने का अभियान चालू किया गया है। आज हमारे प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ में 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने तय किया है, उस परिप्रेक्ष्य में वार्ड 15 जुर्री पारा का प्रभारी और बालोद शहर का प्रभारी बनाया गया है।

राकेश यादव ने कहा कि प्रभारी होने के नाते पूरे शहर के 20 बूथों पर हमने 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया है, हमारे महिला मोर्चा की बहनें, युवा मोर्चा के साथ हमारे वार्ड और मंडल के पदाधिकारी लगातार सदस्यता अभियान कर रहे हैं।

हम हर वार्ड में 200 सदस्यता का लक्ष्य है, उसको पार करने की स्थिति में हैं। पंडित दीनदयाल को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए उनके विचारों को जन जन तक पहुंचा रहे है। गरीब कल्याण का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चलाया है उसे धर धर तक पहुंचाने का काम कर रहे है। उक्त अभियान में रवि पांडेय, संतोष कौशिक सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं।

# तहसील कार्यालय के आसपास की गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता लीग 2024 कार्यक्रम अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता प्रसंग पर नगर पंचायत द्वारा जन सहभागिता से स्वच्छता पर विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं।

इसके तहत 25 सितंबर को तहसील कार्यालय परिसर के आस-पास जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में उपस्थित अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, तहसीलदार गोविन्द राम सिन्हा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे एवं अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदियों के साथ मिलकर तहसील परिसर कार्यालय की साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत तहसील परिसर कार्यालय, बाजार चौक, पुराना जनपद कार्यालय में समस्त अधिकारी कर्मचारी व स्वच्छता दीदियों द्वारा साफ सफाई की जा रही। स्वच्छता अभियान में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जन मानस को स्वच्छता अपनाने, अपने घर के आसपास साफ सफाई रखने, कचरा डस्टबीन में अलग अलग रखकर नगर पंचायत की गाडी में डालने, सप्ताह में 2 घंटे सफाई करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना है क्योंकि बिना जन सहभागिता से साफ सफाई रखना संभव नहीं है। सभी की सहभागिता से हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ होगा। स्वच्छता अभियान में तहसील कार्यालय व नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीयों के अलावा नागरिकों की महती भूमिका रही।

# जिले में कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ अपराध पर लगाम लगाने पुलिस को नियमित रूप से गश्त करने के दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में अपराधों पर लगाम कसने एवं लंबित अपराध, मर्ग, चालान, गुम इंसान लंबित शिकायत की प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए।

अवैध व्यापार पर सख्त कार्रवाई करने एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कांबिंग गस्त बढ़ाने को कहा। इसके साथ ही महिला संबंधी अपराध पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने, साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। ऑपरेशन मुस्कान में गंभीरता लाने, न्यायालय के समस्त वारंट को प्राथमिकता से तामिल करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

बैठक में लंबित अपराध की जानकारी हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, अपहरण, लंबित चालान, लंबित मर्ग, खात्मा खारीजी, गुम इंसान की जानकारी ली जाकर सभी प्रकरणों पर उचित कार्यवाही कर समय पर उनके निराकरण करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए। सभी थाना प्रभारियों को अवैध व्यापार पर लगाम कसने अवैध जुआ, सट्टा एवं शराब परिवहन बिक्री पर रोक लगाने ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करने को कहा। बैठक में डीएसपी नवनीत कौर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, डीएसपी गीता वाधवानी, सीएसपी राजहरा डॉ. चित्र वर्मा, डीएसपी राजेश बागड़े, डीएसपी बोनीफास एक्का, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई की ली जानकारी



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में आयरन ओर, फर्शी पत्थर, गिट्टी, चूना पत्थर, रेत इत्यादि खनिज पदार्थों के अस्थाई भण्डारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीएसपी के अंतर्गत महामाया एवं दुलकी माईंस में लौह अयस्क की स्थिति तथा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालित महामाया, दुलकी लौह अयस्क खदान के कार्य तथा जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा इस संबंध में खनिज, पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न निर्माणी विभागों के द्वारा जारी किए गए रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्रों की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने गौण खनिज 2015 के नियम 59 के तहत गौण खनिज परिवहन की अनुमति आदि की भी विस्तृत समीक्षा की।

## मेढ़की में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उठाया गांव को स्वच्छ बनाने का बीड़ा



**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा के आश्रित ग्राम मेढ़की में स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं ने गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया है। ग्राम मेढ़की की स्वच्छग्राही महिलाओं ने सायकल प्राप्त करने के बाद घर–घर जाकर कचरा उठाने का कार्य शुरू कर दिया है।

समूह की महिलाएं ग्राम में बारी–बारी से घर–घर जाकर गीला और सूखा कचरा उठाने का काम कर रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ये महिलाएं स्वच्छता दीदियों के रूप में सुबह–सुबह घर–घर जाकर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही हैं। कचरा कलेक्शन के साथ दीदियां गांव को स्वच्छ बनाने में लोगों को सहयोग करने तथा कचरा निपटारे के संबंध में जागरुक करने का कार्य भी निष्ठा के साथ कर रही हैं।

स्व सहायता समूह में शशि प्रभा, किरण यादव, किरण साहू, दीप बाई, रूखमणी बाई, पुष्पा साहू, ललिता साहू, जानकी बाई, प्यारी बाई सहित 11 महिलाएं शामिल हैं।

## प्लेसमेंट कैंप में 142 आवेदकों का चयन

**बालोद।** जिला रोजगार कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर बालोद में मंगलवार को आयोजित प्लेसमेंट कैंप में प्रारंभिक रूप से 142 आवेदकों का चयन किया गया है। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र बालोद ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर बालोद में 24 सितम्बर को 03 नियोजकों द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत कुल 1010 पदों के लिए 620 आवेदक उपस्थित हुए थे।




## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान पर हुई चर्चा



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय एवं जिला इकाई के निर्देशन में ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के पदाधिकारियों द्वारा क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान देने को लेकर बैठक आयोजित कर आवेदन प्रारूप की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सहायक शिक्षिका सोना साहू प्रकरण में बिलासपुर हाईकोर्ट के डबल बेंच के फैसले के आधार पर सभी एलबी संवर्ग की प्रथम नियुक्ति तिथि से एक ही पद पर 10 एवं 20 वर्ष की सेवा गणना कर क्रमोन्नत वेतनमान हेतु अपने न्योक्ता को आवेदन प्रस्तुत करेंगे। सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग जनपद पंचायत, नगरीय निकाय एवं कार्यालय विकासखंड शिक्षाधिकारी में आवेदन जमा करेंगे। शिक्षक एलबी एवं व्याख्याता एलबी संवर्ग जिला पंचायत, नगरीय निकाय एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में जमा करेंगे। आवेदन पत्र के साथ शिक्षक अपने नियुक्ति संबंधी दस्तावेज़ संलग्न करेंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश कुमार साहू, संयोजक संतोष कुमार देवांगन,सचिव विजय कुमार पटेल, बसंती पिंकेश्वर, रवीन्द्रनाथ योगी, नीलेश कुमार देशमुख, परमानंद सिंह साहू, यज्ञ कुमार देवांगन, हल्लूराम सहारे, चंदेल आदि संगठन के साथी उपस्थित रहे।




